विरोधी खेमों में सेंधमारी कर नेताओं और रिटायर्ड ब्यूरोक्रैट्स को जोड़ रही भाजपा

विधानसभा चुनाव से पहले पिछले 3 माह में करीब 75 प्रमुख लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई

- चर्चाएं है कि आने वाले दिनों में 40 से ज्यादा प्रमुख नेताओं और रिटायर्ड अफसरों को पार्टी से जोड़ने पर अंदरखाने काम चल रहा है
- सूत्रों की मानें तो हाईकमान के निर्देश पर भाजपा ने पिछले दिनों प्रदेश की हर सीट पर प्रभावशाली जातियों और इंफ्लुएंसर्स की रिपोर्ट तैयार की थी। वोट स्विंग कराने के लिए करवाए गए इस सर्वे के आधार पर अब भाजपा ग्राउंड पर काम कर रही है।
- पिछले दिनों कांग्रेस से तोड़कर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया से लेकर पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा और पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओम प्रकाश पहाड़िया को भाजपा जॉइन कराना इसी रणनीति का हिस्सा है।

जयपुर । राजस्थान में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे पार्टी का पूरा जोर विरोधी दलों में सेंध लगाकर उनके नेताओं को तोड़ने और सामाजिक हैसियत रखने वाले रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स व सामाजिक नेताओं को खुद के पक्ष में करने पर हो गया है। खासकर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है।

बीते तीन माह में अलग-अलग वर्ग के प्रभावशाली नेताओं, ब्यूरोक्रेट्स और सामाजिक संगठनों के करीब 75 प्रमुख लोगों को भाजपा ने पार्टी में शामिल किया है। वहीं आने वाले दिनों में 40 से ज्यादा प्रमुख नेताओं और रिटायर्ड अफसरों को पार्टी से जोड़ने पर अंदरखाने काम चल रहा है। वही भाजपा जहां स्वच्छ ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ नेताओं को आगे बढ़ाने की बात करती हैं, वहां इन दिनों यह मूल्य गौण हैं और चुनावी जीत के समीकरण बनाने की नीति हावी हैं। भाजपा मुख्यालय के गलियारों में इन रिटायर्ड अधिकारियों या फिर इनके परिवारजनों को टिकट देकर चुनाव लडाने की चर्चाएं तेज है।

भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले छह माह में सत्ताधारी कांग्रेस ने जिस गति से वोटर कनेक्ट पॉलिसी पर काम करते हुए सरकारी योजनाएं जनता के बीच पहुंचाने पर फोकस किया है, उसको देखते हुए पार्टी को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ रहा है। राजस्थान में इस बार चुनाव में पार्टी जीत को आसान मानकर नहीं चल रही। यही वजह है कि सिर्फ कांग्रेस की एंटीइंकबेंसी के भरोसे न रहकर पार्टी को राजस्थान जीतने के लिए वोट स्विंग कराने की रणनीति पर पूरी ताकत लगानी पड़ रही है। बदली हुई रणनीति के तहत कांग्रेस से तोड़कर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया से लेकर पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा और पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के पुत्र ओम प्रकाश पहाड़िया को भाजपा जॉइन कराना इसी रणनीति का हिस्सा है।

हाईकमान के निर्देश पर भाजपा ने पिछले दिनों प्रदेश की हर सीट पर प्रभावशाली जातियों और इंफ्लुएंसर्स की रिपोर्ट तैयार की थी। वोट स्विंग कराने के लिए करवाए गए इस सर्वे के आधार पर अब भाजपा ग्राउंड पर काम कर रही है।

सर्वे में पता लगाया गया था कि किस सीट पर चुनावी समीकरण पलटने के लिहाज से किस जाति और किस प्रमुख व्यक्ति का असर है? साथ ही यह भी खोजबीन हुई थी कि किस सीट पर दूसरी पार्टियों में कौन-कौन स्थानीय नेता असंतुष्ट है ? अब इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा प्रमुख जातिगत नेताओं को पार्टी से जोड़कर खुद को मजबूत और विरोधियों को कमजोर करने में जुटी हुई है।

भाजपा का दावा है कि अब तक 30 रिटायर्ड अफसरों और 45 सामाजिक प्रभाव वाले नेताओं को पार्टी ने जोड़कर करीब 50 सीटों पर अपने समीकरण सुधारने की कोशिश की है। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले रिटायर्ड अधिकारियों में काशीराम चौहान, किशन लाल गुर्जर, पवन कुमार जैन, सुभाष सिंह, किशन लाल मेघवाल, महेंद्र शर्मा, गोपाल मीणा, रामदेव सिह खैरवा, पृथ्वीराज मीणा, सीआर मीणा, लालचंद असवाल शामिल हुए। वही मौजूदा कार्यरत अधिकारियों के परिवारजन भाजपा से टिकट मांग रहे हैं, उनमें बगरू से लोकेश सोनवाल की पत्नी कांता सोनवाल टिकट मांग रही हैं।

इनमें जमवारामगढ़, वैर, लक्ष्मणगढ़, विराटनगर, कोटपूतली, उदयपुरवाटी, बस्सी, थानागाजी, सपोटरा, कठूमर, बानसूर, अलवर ग्रामीण, खंडेला, डूंगरगढ़, सिरोही, आदर्शनगर, जोधपुर, भोपालगढ़, गंगापुरसिटी, निवाई, भादरा, बगरू, राजाखेड़ा, डेगाना, सुजानगढ़, खींवसर जैसी कमजोर सीटें शामिल है। रिटायर्ड अफसरों में आईपीएस, आईएएस, आयकर, ज्यूडिशियरी समेत अलग-अलग सेवाओं के अफसर शामिल हैं। नेताओं में कांग्रेस, बसपा, आरएलएपी से चुनाव लड़ चुके लीडर सहित कुछ ऐसे भी हैं जो पिछली बार भाजपा छोड़कर चले गए थे। इसके साथ ही ज्यादातर स्थानीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले पंचायत समिति और पंचायत स्तर के सामाजिक नेता शामिल है।

सार-समाचार

आपदा प्रबन्धन कक्ष का शुभारम्भ

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक विजय शर्मा ने आपदा प्रबंधन कक्ष का शुभारंभ कर पहली बैठक ली।

जयपुर, (का.सं.)। उत्तर पश्चिम रेलवे पर किसी भी प्रकार के दुर्घटना अथवा आपदा की बारीकि से सम्पूर्ण जानकारी जुटाने तथा इसके निवारण की विवेचना हेतु प्रधान कार्यालय में नवीनतम सूचना तंत्र एवं संसाधनों से सुसज्जित केन्द्रीकृत आपदा प्रबन्धक कक्ष का शुभारम्भ किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे पर दुर्घटना एवं किसी भी आपदा के समय तुरंत एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु आपदा प्रबन्धन कक्ष, वार रूम की आवश्यकता को देखते हुए महाप्रबन्धक विजय शर्मा के निर्देश पर प्रधान कार्यालय में आपदा प्रबन्धन कक्ष की संकल्पना को साकार करते हुए आज इसका शुभारम्भ किया गया है। रेलवे पर दुर्घटना के बाद रेल संचालन के बहाल होने तक विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पल-पल सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाता है। इस कक्ष की स्थापना से एकल विंडो खिड़की की तरह समन्वय स्थापित कर शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक सहायता व निर्णय लिये जा सकेंगे। आवश्यक संचार माध्यम शीघ्र उपलब्ध होने से रेल संचालन का कम से कम समय में पुन: बहाल हो पायेगा। इससे क्षेत्रीय रेलवे में हुई किसी भी आपदा के बारे में रेलवे बोर्ड, सिविल अधिकारियों, राज्य सरकारों, विभिन्न सहायता एजेन्सियों से त्वरित सम्पर्क कर कार्यवाही का प्रबन्ध किया जायेगा। आपदा प्रबन्धन कक्ष में रेलवे के सभी विभागों के अधिकारियों के लिए 25 से 30 की बैठक व्यवस्था सैटेलाईट से जुडे टीवी सैट, आधुनिक संचार प्रणाली, इण्टरकम्यूनिकेशन, प्रजेन्टेशन स्क्रीन आदि की व्यवस्था की गई है। विद्युत बैकअप हेतु आपात व्यवस्था की गई है, जिससे किसी भी दुर्घटना एवं आपदा के समय तुरंत कार्यवाही कर सहायता पहुंचाई जा सके। महाप्रबन्धक विजय शर्मा ने कहा कि यह कक्ष ना केवल आपदा अथवा दुर्घटना के समय बल्कि रेल संचालन में संरक्षित यात्रा हेतु अधिकारियों के मॉनिटरिंग में भी सहायक होगा।

शबाना कुरैशी बनी उप विधि परामर्शी

शबाना कुरैशी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान शासन सचिवालय, विधि विभाग मे कार्यरत शबाना कुरैशी को उप विधि परामर्शी (डिप्टी डायरेक्टर लेवल ऑफिसर) के पद पर पदोन्नत किया गया है। गत 15.9.23 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक मे समिति की अभिशंसा मे शबाना कुरैशी को उनकी योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नत किया गया है। शबाना कुरैशी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत ही शानदार रहा है, वह 2011 मे आरपीएससी की लीगल ऑफिसर की परीक्षा में सफल होकर लीगल ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुई थी। तब से लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रही है। शबाना कुरैशी इससे पहले जेडीए मे सहायक विधि परामर्शी के पद पर कार्यरत रह चुकी है। शबाना कुरैशी के पति वाणिज्यिक कर विभाग में सहायक प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत है। उनके पिता मोहम्मद इक़बाल सीनियर एडवोकेट और नोटरी है। उनके भाई भी इनकम टैक्स विभाग मे अधिकारी है और छोटे भाई राजस्थान हाई कोर्ट मे एडवोकेट है। सभी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

बेटियों ने बेनूर दीवारों पर बनाए चित्र

जयपुर । सांगानेर के हजेवाला स्थित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की बेनूर दीवारे उस समय खिल उठी जब एक दर्जन छात्राओं ने कूंची चलाई। फाइन आर्ट की छात्रा हर्षिका शर्मा, अक्षिता शर्मा, दिशिका शाह, गुरप्रीत कौर, मुस्कान पमनानी, साक्षी अग्रवाल, आस्था, खुशी शर्मा ने चित्रकला के शिक्षक विनोद नागर के निर्देशन में दीवारों पर इनेमल पेंट से अनेक आकर्षक चित्र बनाए। इनमें स्कूल जाते बच्चे, खेलते हुए बच्चे, पुस्तकों के चित्र विशेष रूप से बनाए। छात्राओं ने पेटिंग के माध्यम से नियमित रूप से स्कूल जाने, हाथ धोकर भोजन करने, पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की भी सीख दी। छात्रा हर्षिका शर्मा ने बताया कि पहली बार कॉलेज से बाहर जाकर दीवारों पर पेंटिंग करने पर बेहद खुशी मिली। बच्चों को भी पेटिंग की बेसिक जानकारी दी। बच्चियों के इस प्रयास की स्कूल प्रबंधन ने सराहना की।

राजेश कृष्ण बिरला अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राजस्थान के राजेश कृष्ण बिरला निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। बिरला एक निजी होटल में मगलवार को हुए चुनाव में सर्वसम्मति से तीन साल के लिए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सोसाइटी के विजय कुमार खत्री बीकानेर उपाध्यक्ष, रमेश मुंदडा कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में सर्वसम्मति से बिरला को अन्य समितियां बनाने के अधिकार दिए गए। बिरला ने निर्वाचन के बाद कहा कि उनका प्रयास रेडक्रॉस सोसाइटी को ऊंचे पायदान पर ले जाने का है, जिससे समाज के वंचित, गरीब व्यक्तियों को कम कम पैसे मे अच्छा इलाज उपलब्ध हो सके। उन्होंने घोषणा की कि वे युवा और महिलाओ के लिए अलग-अलग विंग बनाएंगे, जिससे रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता समाज में लाई जा सके। बिरला ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से हम समाज को बदलने का काम करेंगे और जो लोग समाज सेवा से जुडना चाहते हैं, समाज में परिवर्तन के वाहक बनना चाहते हैं। उन लोगों को भी रेड क्रॉस सोसाइटी से जोडने का कार्य करेंगे। गौरतलब है कि अभी बिरला कोटा नागरिक सहकारी बैंक के सहकारी बैंक लिमिटेड के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। बिरला ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से जिला स्तर पर रेडक्रॉस सोसाइटी का गठन किया जाएगा और इन सभी सोसाइटी में चिकित्सा कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होने बताया कि समिति का जिला स्तर पर विस्तार भी किया जाना है, जिससे अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सके।

टायर-रिम चुराने वाला बदमाश पकड़ा

जयपुर । जगतपुरा क्षेत्र में रात में खड़ी गाड़ियों के टायर और रिम खोलने के मामले में रामनगरिया थाना पुलिस ने हाइटेक चोर को पकडा है। आरोपी दिन में अपनी कार को सरकारी विभाग में चलाता है जिससे रैकी कर रात को जयपुर शहर में खडी गाडियों से नए टायर मय रिम चोरी करने का आदतन अपराधी है। आरोपी ने अब तक रामनगरिया, मानसरोवर, श्याम नगर में वारदात करना स्वीकार किया हैं। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने रिम सहित तीन टायर और उपकरण सहित अन्य सामान बरामद किया हैं। डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि इस संबंध में गंगापुरसिटी निवासी ललित कुमार मीना ने मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि चोर उसकी बोलेरो के ड्राइवर साइड का कांच और गाडी को ईट और पत्थर का जेक लगाकर खडा कर तीन टायर खोल ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक किया। पुलिस ने मुखबिर की मदद से रुपवास बांदीकुई निवासी अजय कुमार मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चुराया हुआ सामान बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजय कुमार मीणा कार के आगे की नम्बर प्लेट हटाकर और पीछे की नम्बर प्लेट को पुलिस से छुपने के लिए कपडे से ढककर रखता है। टैक्सी कार में ईट रखता है जो टायर खोलते समय जिस वाहन के टायर खोलते ही उसके नीचे ईटों का जैक लगाकर वारदात को अंजाम देता है।

'जे.डब्ल्यु' ने वैशाली नगर में लॉन्च किया नया स्टोर

जयपुर, (का.सं.)। मेंस वियर के रिटेल "जे.डब्ल्यु." ने आज वैशाली नगर में , जयपुर में दूसरा और भारत में अपना 32 वां स्टोर लॉन्च किया।

यह स्टोर 6500 वर्ग फीट में फैला हुआ है, जहां मेंस वियर की फॉर्मल, केजुअल फेस्टिव और वेडिंग वियर के साथ ही मोदी कुर्ता और जैकेट की बेहतर रेंज अवलेबल है।

स्टोर क उद्घाटन स्पेशल गेस्ट अनंत विभूषित अलबेली माधुरी शरण महाराज पीठाधीश्वर स्वामी, सरस निकुंज स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर हाथोज धाम, आचार्य राजेश्वर महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतरिया धर्म संसद ने किया। उदघाटन समारोह में पंडित सुरेश मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा संस्कृति संस्थान एन.के.गुप्ता, अध्यक्ष मंगलम ग्रुप डॉ. सीए केसी परवाल ट्रेसरर - क्रेडाई राजस्थान, लेखक रामायण और कृष्णम भी उपस्थित रहे।

जेडब्लू की सीएमडी जितेन्द्र चौहान ने कहा कि जयपुर बढ़ रहा है और ब्रांड की उपस्थिति भी बढ़ रही है। हम राजस्थान की राजधानी का हिस्सा बनकर और मेंस फैशन को वैशाली नगर के लोगों के करीब लाकर खुश है।

जेडब्लू के एमडी बिपिन चौहान ने बताया कि यह स्टोर जेडब्लू प्रीमियर हेरिटेज फैब्रिक और टेलरिंग सेवाऐं भी पेश करेगा।

यह ब्रांड मोदी कुर्ता और जैकेट के अपने प्रतिष्ठित, ट्रेडमार्क डिजाइन के लिए भी जाना जाता है, जिसे कई विश्व नेताओं द्वारा सराहा गया है। कंपनी ने अपनी यात्रा 1981 में सिलाई सेवाओं की पेशकश से शुरु की थी और आज तक प्रमुख शहरों में अपने स्टोरों पर अपनी विरासत आधारित सेवा प्रदान करती आ रही है और टॉप उद्योगपतियों, व्यापारियों, राजनेताओं, खेल और मनोरंजन आइकनों को अपने शीर्ष ग्राहकों में से एक के रुप में दावा करती है। जेडब्लू के अब भारत के विभिन्न शहरों में 32 स्टोर हैं और यह सिलाई और अपनी कंपनी के निजी लेबल के अलावा इंटरनेशनल और नेशनल मेंस वियर ब्रांड के फॉर्मल और कैजुअल ऑउटफिट से लेकर फेस्टिव और वेडिंग ऑउटफिट तक सब कुछ प्रदान करता है। कंपनी अपने ग्रीनफाइबर ब्रांड के तहत भी मेंस वियर पेश करती है।

'गहलोत सरकार सदी की सबसे भ्रष्टतम सरकार'

जयपुर (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य की गहलोत सरकार इस सदी की सबसे भ्रष्टतम सरकार है। यदि इस सरकार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है तो होनी चाहिए। जनता इसका स्वागत करेगी।

शेखावत मंगलवार को जयपुर में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। राजस्थान के मंत्री राजेंद्र यादव के ठिकानों पर हुई ईडी की कार्रवाई पर पूछे गए सवाल पर शेखावत ने कहा कि ये सरकार अब तक की सबसे भ्रष्टतम सरकार है। ये बात मैं नहीं, इस सरकार के विधायक और मंत्री कह चुके हैं। विधानसभा में भी और उसके बाहर भी कई बार ऐसी बातें कही जा चुकी है।

शेखावत ने कहा कि अभी तो शुरुआत है। मेरा मानना है कि ऐसे भ्रष्ट लोगों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई होनी ही चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ देश ऐसी कार्रवाई के पक्ष में खड़ा है।

27 लाख रु. के हीरा-पन्ना लूटने वाला बदमाश दबोचा

जयपुर (कासं)। हरिद्वार के कारोबारी से 27 लाख के हीरा-पन्ना ठगने के मामले में शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जालूपुरा पुलिस ने शातिर ठग को मुंबई में दबिश देकर पकड़ा है और उसके कब्जे से ठगे गए हीरा-पन्ना बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी राशि डोगरा ने बताया कि मामले में आरोपी मोहम्मद अनीस पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी तत्कालेश्वरपुरी रामगंज को अरेस्ट किया गया है। उसके खिलाफ जयपुर शहर के रामगंज और आमेर थाने में 6 क्रिमिनल मामले दर्ज है। पुलिस टीम ने आरोपी की सीडीआर प्राप्त कर मोबाइल लोकेशन निकलवाई। मुंबई की लोकेशन आने पर पुलिस टीम को भेजा गया। मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर आरोपी ग्रे कलर की स्विफ्ट डिजायर कार यूज कर रहा है। पुलिस टीम ने मीरा मार्ग पर दबिश देकर आरोपी मोहम्मद अनीस को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने लाखों रुपए के हीरा-पन्ना ठगने की वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगे गए रत्न बरामद कर लिए।

जालूपुरा थाने में हरिद्वार के कारोबारी सुनील आहुजा ने मामला दर्ज करवाया था। उसने यूट्यूब पर व्यापार के संबंध में जानकारी दे रखी है, जिसमें उनका मोबाइल नंबर भी है। उनके नंबर पर एक वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को जयपुर निवासी आशीष बताते हुए रत्नों की दलाली करने का काम करना बताया। रत्न खरीदने की इच्छा जताई और जयपुर बुलाया। बदमाश ने रत्न के बदले कुछ अग्रिम राशि ऑनलाइन देने के लिए कहा तो उसने कैश में काम करने की बात कही। इस पर उसने उसे जयपुर बुलाया। जयपुर आया तो बदमाश उसे लेकर एमआई रोड स्थित जेके ज्वेलर्स के यहां गया। वहां पहुंचने पर आरोपी ने स्टाफ से बात कर चाय-पानी पिलाई और फिर उससे ज्वेलर को रत्न दिखाने की बात कहकर 1 हीरा और 2 पन्ना के नग ले लिए। इसके बाद बाद उसे शोरूम में कुछ देर के लिए एक तरफ बैठा दिया। बाद में पता चला कि आरोपी शोरूम के पीछे वाले गेट से रत्न लेकर भाग गया।

'नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त को बढ़ाकर 60-70 प्रतिशत किया जाए'

जयपुर, (का.सं.)। कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण एवं सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाकर, कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए अल्पकालीन फसली ऋण वितरण की एवज में नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 से 70 प्रतिशत किये जाने की आवश्यकता है।

कटारिया मंगलवार को जयपुर के मैरियट होटल में देश के राज्य सहकारी बैंकों के शीर्ष संगठन नैफस्कॉब (नेशनल फैडरेशन ऑफ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक्स लिमिटेड) की कांफ्रेंस में उपस्थित देशभर के राज्य सहकारी बैंकों के डेलिगेट्स (चेयरमैन एवं एम.डी.) को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कृषि एवं सहकारिता को आगे बढ़ाने वाली नीतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को 1 लाख 50 हजार रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने बताया कि अपेक्स बैंक अपनी स्थापना के बाद से निरंतर लाभ में संचालित है। बैंक द्वारा नाबार्ड एवं आर.बी.आई. के मापदंडों की पूर्णतया पालना की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 22 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त फसली ऋण किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि कार्यों के साथ-साथ अकृषि कार्यों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन से राजस्थान सहकारी ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना के तहत केंद्रीय सहकारी बैंकों द्वारा 3000 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। गुहा ने कहा कि इसमें 25 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है, जिससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के 1 लाख 50 हजार परिवार लाभान्वित होंगे एवं अपनी आजीविका से सामाजिक एवं आर्थिक जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे। इस अनूठी योजना के अंतर्गत राज्य के केंद्रीय सहकारी बैंकों द्वारा अब तक 32 हजार से अधिक पात्र ऋणियों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक महिला बहुउद्देश्यीय ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्थापना कर रही है।

राजस्थान विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति ने कार्यभार संभाला

राजस्थान यूनिवर्सिटी की नई कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने मंगलवार दोपहर 12 बजे पदभार ग्रहण किया।

जयपुर । राजस्थान यूनिवर्सिटी की नई कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने मंगलवार दोपहर 12 बजे पदभार ग्रहण किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, स्टूडेंट्स और अधिकारी कर्मचारियों ने फूल मालाओं से नई कुलपति का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करते समय कुलपति की साथी प्रोफेसर रश्मि जैन, प्रो. अंजलि कामा, संगीता भार्गव, प्रो. सरीना कालिया, डॉ. चंद्रानी सेन, प्रोफेसर मंजू, डॉक्टर अमिता राजगोयल, प्रो. शोभा दुबे उपस्थित रहीं।

कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में एक अनपैरेलल इंस्टिट्यूट के तौर पर पहचान रखता आ रहा है। पिछले कुछ समय से इसने अपनी गुणवत्ता को काफी तेजी से खोया है। मेरी सबसे पहली प्राथमिकता यहां के अकेडमिक एन्वायर्नमेंट को इंप्रूव करने की है। उसके लिए जो भी कदम उठाने होंगे, वो काम पहले होंगे।

मुझे लगता है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को हमें सक्सेसफुली इंप्लीमेंट करना चाहिए। इसमें अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में भी सेमेस्टर स्कीम लागू किए गए हैं, उनको रेगुलराइज करना होगा। बहुत सारी चीज डिलेड हैं। एग्जाम अगर समय पर नहीं होंगे तो उससे बहुत नुकसान होता है। अगर को लागू करना है, सेमेस्टर स्कीमें लागू करनी है तो जो सिलेबस है उसको रिवाइज करना होगा। इसे प्राथमिकता पर करवाएंगे।

यूनिवर्सिटी में पिछले काफी समय से गर्ल्स सेफ्टी का मामला चला आ रहा है। इसके लिए समय-समय पर कदम भी उठाए गए हैं। यहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। उनकी मॉनिटरिंग लगातार की जानी चाहिए। वह फंक्शनल हैं या नहीं है इसको देखा जाएगा। यूनिवर्सिटी में जो गर्ल्स है उनमें अवेयरनेस होनी चाहिए कि उन्हें क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। वह कहां एप्रोच कर सकती हैं। छोटी सी भी कोई प्रॉब्लम है तो वह डरे नहीं शेयर करें। कोई भी प्रॉब्लम है हम उन्हें वहीं पर सॉल्व करेंगे। कोई बडी प्रॉब्लम नहीं होगी।

76 साल में मिली पहली स्थायी महिला कुलपति

राजस्थान यूनिवर्सिटी की 8 जनवरी 1947 को स्थापना हुई थी। यूनिवर्सिटी के करीब 76 साल के इतिहास में पहली बार स्थायी महिला कुलपति की नियुक्ति की गई है। सर्च कमेटी की सिफारिश के बाद राज्य सरकार के परामर्श से राज्यपाल ने सोमवार को कुलपति के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए। इससे पहले 11 नवंबर 1998 से 5 नवंबर 1999 तक प्रो. कांता आहुजा यहां अस्थायी कुलपति रह चुकी हैं। प्रो. अल्पना कटेजा 44वीं कुलपति हैं। वे यहां 2009 से कार्यरत है। प्रो. अल्पना कटेजा मूल रूप से उदयपुर की रहने वाली हैं। स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा उदयपुर में हुई। आरयू में 2009 से कार्यरत हैं। इसके बाद वे यहां महारानी व राजस्थान कॉलेज की प्रिंसिपल रह चुकी हैं।

कोई यूँ ही देव नहीं बन जाता, देव आज भी युवाओं के फैशन आइकन हैं : हेमा मालिनी

अभिनेत्री हेमा मालिनी

जयपुर । जयपुर में फिल्म अभिनेता देव आनंद के 100वें जन्मदिन के उपलक्ष में कई कार्याक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में 'द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी' जयपुर की ओर से एक भव्य समारोह 'जयपुर देव फेस्टिवल' का आयोजन किया गया।

सोसाइटी प्रेसिडेंट, रवि कामरा ने बताया कि समारोह में आज का कार्याक्रम विश्वविख्यात व जयपुर की शान राज मन्दिर सिनेमा हाल में एक रंगारंग कार्याक्रम का आयोजन हुआ। कार्याक्रम की मुख्य अतिथि फिल्म जगत की जानी-मानी अदाकारा और ड्रीम गर्ल के नाम से प्रसिद्ध हेमा मालिनी रहीं उन्होंने कार्याक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन तथा देवानंद के एक पोर्ट्रेट के अनावरण के साथ हुआ। इस मौके पर भारतीय डाक विभाग द्वारा देवानंद पर विशेष प्रथम दिवस का आवरण जारी किया गया जिसमें चीफ पोस्टमास्टर जनरल दिल्ली मंजू कुमार भी उपस्थित थी। इसके उपरांत फिल्म अदाकारा हेमा मालिनी के फिल्मी सफर पर आधारित 4 मिनट की फिल्म की प्रस्तुति दखाई गई। द एवरग्रीन देवानंद सोसाइटी ने हेमा मालिनी को देवानंद पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। कार्याक्रम में श्वेता गर्ग और इंडिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कत्थक डांस एंड म्यूजिक के स्टूडेंट्स ने क्लासिकल नृत्य के माध्यम से देवानंद को श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। इसके बाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जयपुर के म्यूजिक आइकॉन पदम् भूषण, ग्रामी अवार्ड विजेता पंडित विश्वमोहन भट्ट द्वारा मोहन वीणा पर देवानंद के गानों के साथ-साथ क्लासिकल धुनो पर लाइव परफॉर्मन्स। जिनमे देव साहिब के ये गाने अहम् रहे.. पिया तोसे नैना लगे रे, तेरे मेरे सपने व् ड्रीम गर्ल...। साथ ही मशहूर गीतकार जावेद अख्तर वीडियो मैसेज के माध्यम से और विख्यात रेडिओ अनाउंसर अमिन लेंदप का विशेष सन्देश पढ़कर सुनाया गया। फिल्म समीक्षक व लेखक भावना सोमैया के साथ हेमा मालिनी ने अपने फिल्मी सफर के कई किस्से साझा किए।

ट्रेन के आगे कूदकर महिला ने जान दी

जयपुर । ज्योति नगर इलाके में इमली वाला रेलवे ट्रेक पर सोमवार रात एक महिला ने आत्महत्या कर ली। ट्रेन को आते देखकर वह ट्रैक पर लेट गई। ट्रेन की चपेट में आने से उसके शरीर के 2 टुकड़े हो गए। ज्योति नगर थाना पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस मृतका की पहचान करने के साथ ही सुसाइड के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम करीब 8:30 बजे सूचना मिली कि इमली वाला फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला ने सुसाइड कर लिया। ट्रेन को आते देख महिला ट्रैक पर लेट गई। ट्रेन की चपेट में आने से उसके शरीर के दो टुकड़े हो गए। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन को रोक शव को गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंचाया। सूचना के बाद ज्योति नगर थाना पुलिस भी गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंची। मृतका की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया और मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र करीब 35 साल है। उसने लहरिया साड़ी पहन रखी है और शादीशुदा लग रही है।